

## ब्रॉड ने बटलर को इंग्लैंड का 'सीमित ओवरों का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथैम्पटन। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपने साथी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को सीमित ओवरों में अपने देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया है। बटलर ने यहां एजेस बाउल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए दूसरे टी 20 मैच में 54 गेंदों पर आठ चौके और दो छक्के की मदद से 77 रनों की नाबाद पारी खेली।

बटलर की इस पारी के दम पर इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया से मिले 158 रनों के लक्ष्य को चार विकेट खोकर सात गेंद बाकी रहते हासिल किया और तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नील फेयरब्रदर ने लिखा, जिस रफ्तार से बटलर ने बल्लेबाजी की और सबसे जरूरी अपनी टीम को जीत दिलाई, एक बल्लेबाज ने जिस समझदारी और हुनर से बल्लेबाजी की वह शानदार है। ब्रॉड ने इसे रीट्वीट करते हुए कॉमेंट किया, 'इंग्लैंड के सबसे अच्छे सफेद गेंद खेलने वाले खिलाड़ी जोस बटलर ने एक बार फिर इस बात को साबित करके दिखा दिया है।'

# आईपीएल 2020 में दोहरा शतक ठोक सकता है ये तूफानी बल्लेबाज

### 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो रहे आईपीएल 2020 का शेड्यूल भी जारी

**क्रिकेट**

टीम के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को टॉप ऑर्डर में खेलने की जरूरत होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन का मंच सजने को तैयार है। 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो रहे आईपीएल 2020 का शेड्यूल भी जारी हो गया है। इसी बीच कोलकाता नाइटर राइडर्स के मेंटॉर डेविड हसी ने एक बड़ा दावा कर दिया है। हसी ने कहा है कि हमारी टीम के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल आइपीएल में दोहरा शतक भी ठोक सकते हैं, लेकिन इसके लिए उनको टॉप ऑर्डर में खेलने की जरूरत होगी।

वेस्टइंडीज के तूफानी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल मौजूदा समय में सीपीएल में कहर बरपा रहे हैं। अगर आपको याद हो तो आईपीएल 2019 के सीजन में केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने कई तूफानी पारियां खेली थीं। हालांकि, वे बल्लेबाजी क्रम में नीचे आ रहे थे, लेकिन इस बार टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम और मेंटॉर डेविड हसी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि हार्ड हिटिंग बैट्समैन आंद्रे रसेल को टॉप ऑर्डर में प्रमोट किया जाए, जिससे के वे ज्यादा रन बना सकें।



हसी ने ये भी दावा किया है कि आंद्रे रसेल टी20 क्रिकेट में दोहरा शतक भी ठोक सकते हैं, जो काम अभी तक नहीं हुआ है। डेविड हसी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है, अगर यह टीम को फायदा पहुंचाता है और हमें क्रिकेट मैच जीतने में मदद करता है, तो क्यों नहीं? अगर इसका मतलब है कि आंद्रे रसेल तीन नंबर पर आते हैं और 60 गेंद खेलते हैं, तो वह वास्तव में दोहरा शतक बना सकते हैं। आंद्रे रसेल कुछ भी कर सकत हैं।

बता दें कि पिछले साल रसेल ने सिर्फ 13 पारियों में 56.66 के औसत से 510 रन नबाए थे। इसके अलावा उन्होंने 11 विकेट भी चटकाए थे। इसी प्रदर्शन को देखते हुए हसी ने कहा है, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, वह शायद टीम के दिल की धड़कन भी हैं।

हमें वास्तव में एक अच्छी तरह से संतुलित टीम मिली है। कोई भी किसी भी स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है, लेकिन अगर यह टीम को फायदा पहुंचाता है, तो क्यों नहीं, वह टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी क्यों नहीं कर सकता।

# जोकोविच हुए डिस्क्वॉलिफाइ- ग्रैंड स्लैम्स पर बिग थ्री का राज समाप्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यू यॉर्क। यूएस ओपन से नोवाक जोकोविच के सनसनीखेज रूप से बाहर होने के बाद ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में बिग थ्री की बादशाहत का अंत हो गया। यूएस ओपन में रोजर फेडरर और राफेल नडाल नहीं खेल रहे हैं और ऐसे में जोकोविच अपना 18वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन उनके अनजाने में एक लाइन जज के गेंद मारने के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

साल 2016 वह आखिरी बार था जब इन तीन बड़े खिलाड़ियों के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी ने ग्रैंड स्लैम खिताब पर कब्जा किया हो। तब स्तान वॉवरिंका ने यूएस ओपन जीता था। पिछले 13 ग्रैंड स्लैम खिताब इन्हीं तीनों खिलाड़ियों के नाम रहे हैं।



साल 2004 में यह आखिरी बार था जब ये तीनों खिलाड़ी ही क्वॉर्टर फाइनल में नहीं थे। तब फेडरर को फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में गस्तावो क्यूरटन ने हराया था।

रविवार को जोकोविच को कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ा। सर्बियाई खिलाड़ी पहले सेट में पाब्लो करनो बस्ता के खिलाफ 5–6 से पीछे चल रहे थे। टूर्नामेंट में बाकी बचे खिलाड़ी शायद जोकोविच के बाहर होने पर उत्साहित होंगे। उन्हें अपने जीतने के अवसर बढ़े हुए नजर आ रहे होंगे। पांचवी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर जवेरेव ने कहा, मुझे लगता है कि अब मुकाबला वाकई रोमांचक हो गया है।

## प्रवीण तांबे का शानदार कैच, डैनी मॉरिसन ने कहा– उम्र सिर्फ आंकड़ा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रवीण तांबे की उम्र 48 साल है लेकिन इस खिलाड़ी का जज्बा कई युवाओं पर भारी है। कैरेबियन प्रीमियर लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले तांबे ने एक शानदार कैच लपका है। वह अगले महीने 49 साल के हो रहे हैं। उन्होंने रविवार को सेंट कीट्स और नेविस प्रेट्रिऑट्स के खिलाफ बेन डंक का शानदार कैच लपका।

यह सेंट कीट्स की पारी का 7वां ओवर चल रहा था। डंक ने फवाद अहमद की गेंद पर रिवर्स स्वीप किया। लेकिन गेंद ने बल्ले का ऊपरी किनारा लिया। तांबे ने शॉर्ट थर्ड मैन पर अपने दाएं ओर दौड़ लगाते हुए कम ही वक्त में काफी दूरी तय की। इसके बाद उन्होंने छलांग लगाते हुए गेंदो को दोनों हाथों से कैच कर लिया। तांबे के इस प्रयास से न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और क्रिकेट कॉमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने 48 वर्षीय तांबे के कैच की तारीफ की। उन्होंने कहा, वो कहते हैं ना, उम्र सिर्फ एक नंबर है। पिछले महीने तांबे कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने थे। वह टी20 क्रिकेट के लिहाज से काफी अधिक उम्र के खिलाड़ी रहे।

## न्यूज डायरी



### यूएस ओपन से डिस्क्वॉलिफाइ होने के बाद नोवाक जोकोविच बोले, आई एम सॉरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। नोवाक जोकोविच यूएस ओपन से अप्रत्याशित रूप से बाहर हो गए। उन्होंने गलती से टेनिस बॉल एक लाइन जज के गले पर मार दी। रविवार को चौथे राउंड के मुकाबले में हुई इस घटना के बाद जोकोविच का 29 मैच से चला आ रहा जीत का सफर थम गया। साथ ही वह अपना 18वां ग्रांड स्लैम खिताब जीतने से भी चूक गए। दुनिया के नंबर टेनिस खिलाड़ी जोकोविच पाब्लो केरोनो बस्टा से 5–6 से पहले सेट में पीछे चल रहे थे। पॉइंट हारने के बाद जोकोविच ने गेंद को गुस्से में अपने पीछे मारा जो जाकर उनके पीछे खड़ी लाइन जज को जा लगी। गेंद लगते ही वह गिर पड़ीं। जोकोविच दौड़कर उनके पास गए। 10 मिनट के बाद चेयर अंपायर, टूर्नामेंट रेफरी सोरन फ्रीमल और ग्रैंड स्लैम सुपरवाइजर ने जोकोविच से बात की। आखिर में जोकोविच बस्टा से हाथ मिलाकर कोर्ट से बाहर चले गए। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर इस घटना पर दुख जाहिर किया।

### मुझे कोरोना हो सकता है लेकिन मुझे पता है कि इससे लड़ सकता हूं: धवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि उन्हें अपने शरीर पर पूरा यकीन है कि अगर उन्हें कोविड–19 संक्रमण हो भी जाता है तो वह इससे उबर सकते हैं। धवन से जब पूछा गया कि क्या उन्हें क्रिकेट खेलते हुए इस वैश्विक महामारी से डर नहीं लगता। धवन ने कहा, मुझे अपने शरीर पर पूरा यकीन है और वह इस बीमारी से कभी भयभीत नहीं रहे। मुझे पता है कि मैं इस बीमारी का शिकार हो सकता हूं लेकिन इससे लड़ सकता हूं। बाएं हाथ के बल्लेबाज, ने हालांकि कहा कि सभी खिलाड़ियों को बीसीसीआई द्वारा जारी किए गए एसओपी का सख्ती से पालन करना चाहिए। धवन ने कहा, बेशक, हम सब सुरक्षा गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं, हमारा करीब 8–9 बार कोविड का टेस्ट हुआ है।

### भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे में होगा बदलाव, नहीं मिली क्वारंटाइन के नियमों में ढील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। यूएई से ही भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे, जहां दोनों देशों के बीच टेस्ट, वनडे और टी20 सीरीज खेली जानी है। हालांकि, टी20 सीरीज फिलहाल अक्टूबर में शेड्यूल है, लेकिन इसे आइपीएल की वजह से कैंसिल किया जाएगा। उधर, भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया दौरे में कुछ बदलाव किया जाएगा, क्योंकि वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने क्वारंटाइन के नियमों में ढील नहीं देने का फैसला किया है। इस स्थिति में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड या फिर ब्रिसबेन में सीरीज की शुरुआत हो सकती है। इससे पहले पर्थ को में टीम के ट्रेनिंग शुरू करने की बात की जा रही थी, लेकिन सरकार ने कोरोना वायरस के अपने नियमों को नहीं तोड़ने का फैसला किया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, एडिलेड ओवल में बैक–टू–बैक दो टेस्ट मैच खेले जा सकते हैं, जिसमें एक डे–नाइट टेस्ट और एक बॉक्स डे टेस्ट मैच शामिल है।

### 8 साल में पहली बार 0 पर आउट हुए डेविड वॉर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ओपनिंग बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को यूं ही नहीं खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है। टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त में 5वें नंबर पर हैं। इस फॉर्मेट में वह बीते 8 सालों से कभी 0 पर आउट नहीं हुए थे लेकिन इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने रविवार को अपनी एक घातक गेंद से उन्हें 0 पर आउट कर दिया। साउथैम्पटन की इस पिच पर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को मदद की उम्मीद थी। इसके बावजूद इंग्लिश कैप्टन एरॉन फिंच ने यहां टॉस जीतकर पहले बैटिंग करना ही पसंद किया। इंग्लैंड को पिच से मिलने वाली इस अडवांटेज का इंग्लिश बोलरों ने लाभ उठाने का कोई मौका नहीं गंवाया और पावरप्ले की ही भीतर उनके 3 खिलाड़ी आउट कर दिए।